Daily Current Affairs 21 July 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 20 जुलाई को मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस
• प्रतिवर्ष 20 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस (International Chess Day) मनाया जाता है, इसका आयोजन प्रत्येक वर्ष 20 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय शतरंज संघ (FIDE) के स्थापना दिवस की याद में किया जाता है। 20 जुलाई, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय शतरंज संघ (FIDE) की 98वीं वर्षगाँठ मनाई गई।
• दुनिया भर में खेले जाने वाले शतरंज को हमारे युग के सबसे पुराने खेलों में शामिल किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज संघ (FIDE) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शतरंज के खेल का शासी निकाय है और यह सभी अंतर्राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिताओं को नियंत्रित करता है। एक गैर-सरकारी संस्थान के रूप में अंतर्राष्ट्रीय शतरंज संघ (FIDE) की स्थापना 20 जुलाई, 1924 को पेरिस (फ्रांस) में की गई थी।

2. सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज विनीत सरन होंगे BCCI के एथिक्स ऑफिसर और लोकपाल
• सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश विनीत सरन को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) का एथिक्स ऑफिसर और लोकपाल (Ethics officer and ombudsman) नियुक्त किया गया है। ये दोनों पद पिछले एक साल से रिक्त थे। सरन ने न्यायमूर्ति डी. के. जैन की जगह ली है।
• जैन का कार्यकाल पिछले साल जून में समाप्त हो गया था। सरन ओडिशा उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रहे हैं। उन्होंने कर्नाटक और इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में भी काम किया है।

3. उत्तराखंड सरकार मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना करेगी शुरू
• 29 अगस्त, 2022 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 'मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना' का शुभारंभ करेंगे। इस योजना के अंतर्गत हर जिले के 150 बालक और इतनी ही बालिकाओं को प्रत्येक महीने 1500 रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी।
• खेल मंत्री ने कहा कि 29 अगस्त को खेल दिवस के अवसर पर आठ से 14 साल के बच्चों को खेल छात्रवृत्ति दी जाएगी।बता दें भविष्य में जिन बच्चों का इसमें चयन हो चुका होगा, आगे उनकी खेल प्रतिभा बरकरार रहे इसके लिए उन्हें विभिन्न अवसर दिए जाएंगे।

4. रानिल विक्रमसिंघे होंगे श्रीलंका के नए राष्ट्रपति
• 20 जुलाई 2022 को श्रीलंका में हुए राष्ट्रपति चुनाव में रानिल विक्रमसिंघे ने जीत दर्ज की है। पहली बार था जब राष्ट्रपति पद के लिए मुकाबला तीन उम्मीदवारों के बीच हुआ है। इस बार राष्ट्रपति पद के लिए मुकाबला रानिल विक्रमसिंघे, डलास अल्हाप्पेरुमा और वामपंथी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच था।
• पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने मई 2022 में इस्तीफा दे दिया था, तब विक्रमसिंघे को देश का प्रधानमंत्री चुना गया था। इसके बाद जब गोटाबाया राजपक्षे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया तो विक्रमसिंघे को कार्यवाहक राष्ट्रपति चुना गया।

Daily Current Affairs 21 July 2022

5. राजस्थान ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संचालित देश के पहले डिजिटल लोक अदालत का किया शुभारंभ

• जुलाई, 2022 में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के कार्यकारी अध्यक्ष और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश यू. यू. ललित ने राजस्थान के जयपुर में 18वीं अखिल भारतीय विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संचालित देश के पहले डिजिटल लोक अदालत का शुभारंभ किया।

• राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणके डिजिटल लोक अदालत को इसके प्रौद्योगिकी भागीदार ज्यूपिटिस जस्टिस टेक्नोलॉजीज द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है।

6. INS सिंधुध्वज को भारतीय नौसेना में 35 साल सेवा देने के बाद सेवामुक्त किया गया

• जुलाई, 2022 में भारतीय नौसेना ने 35 साल तक सेवा में रहने के बाद 'किलो क्लास पनडुब्बी' INS सिंधुध्वज को विशाखापत्तनम में सेवा से मुक्त कर दिया है। इसे जून 1987 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। यह 10 'किलो क्लास पनडुब्बियों' में से एक थी, जिसे भारत ने वर्ष 1986 और 2000 के बीच रूस (पूर्व सोवियत संघ सहित) से खरीदा था।

7. वाहन ट्रैकिंग शुरू करने वाला पहला राज्य बना हिमाचल प्रदेश

• हाल ही में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने वाहन लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस, एक आपातकालीन पैनिक बटन सिस्टम और कमांड कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन किया है। इसके साथ ऐसा करने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है।

• किसी भी आपात स्थिति में मदद देने के लिए सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ की वेबसाइट का भी उद्घाटन किया गया। इस कमांड कंट्रोल सेंटर की स्थापना के बाद वाहनों की चोरी और वाहन दुर्घटनाओं का पता लगाना आसान हो जाएगा।

• इमरजेंसी पैनिक बटन सिस्टम और कमांड कंट्रोल सेंटर के साथ व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस को इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम 112 से जोड़ा गया है। यह किसी आपात स्थिति में इस उपकरण से लैस वाहन के बारे में त्वरित और सटीक जानकारी प्रदान करेगा। यह राज्य की सड़कों को भी सुरक्षित और अधिक सुगम बनाएगा।

8. अरुणाचल प्रदेश और असम ने सीमा विवाद को सुलझाने के लिए 'नमसाई घोषणा' पर हस्ताक्षर किए

• हाल ही में असम और अरुणाचल प्रदेश ने अपने सात दशक पुराने सीमा विवाद को हल करने की दिशा में 'नमसाई घोषणा' पर हस्ताक्षर किए है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उनके असम के समकक्ष हिमंत बिस्वा सरमा के बीच इस मुद्दे पर तीसरे दौर की बैठकों के बाद अरुणाचल प्रदेश के नामसाई में घोषणा पर हस्ताक्षर किए गए है। दोनों राज्य 804 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं।

9. लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 की तारीखों का हुआ ऐलान

• 2028 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी लॉस एंजिल्स, संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा की जाएगी। 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक का उद्घाटन समारोह 14 जुलाई, 2028 को होगा और 30 जुलाई तक चलेगा। हालांकि, लॉस एंजेलिस इससे पहले 1984 और 1932 में ओलंपिक की मेजबानी कर चुका है।

• LA28 गेम्स में 40 से अधिक खेलों में 800 आयोजनों में 3,000 घंटे से अधिक का लाइव खेल दिखाया जाएगा। एलए 28 के अनुसार, 15,000 एथलीटों के लॉस एंजिल्स में ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में भाग लेने की उम्मीद है।

10. ऑस्ट्रेलियाई के पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लेटन हेविट टेनिस हॉल ऑफ फेम में हुए शामिल
• ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लेटन हेविट को अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम (International Tennis Hall of Fame) में शामिल किया गया है। हेविट को 2021 में हॉल आफ फेम में शामिल किया गया था लेकिन तब कोविड-19 के कारण यात्रा पाबंदियों के चलते वह कार्यक्रम में हिस्सा नहीं ले पाए थे।वर्ष 2022 में किसी को भी हॉल आफ फेम में शामिल नहीं किया गया इसलिए कार्यक्रम में अकेले उन्हें ही यह सम्मान दिया गया। वह हाल आफ फेम में जगह बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया के 34वें खिलाड़ी हैं।